2

<table>
<tr><th>तारीख हुक्म</th><th>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

महेन्द्रसिंह बनाम लो.सू.अ. (अपर कलक्टर शहर, प्रथम जोधपुर)

सू.अ.अ. अपील संख्या : 392/2021</th><th>नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</th></tr>
<tr><td>09-02-2022</td><td>अपीलार्थी महेन्द्रसिंह पुत्र शेरसिंह चौहान, पता रामदेवरा का बास, गांव सर, तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 22.11.2021 में उसके द्वारा (1) आवेदन नंबर 353561460280010 की सूचना देने की दिनांक तक जो कार्यवाही की गई उसकी प्रमाणित प्रतिलिपि से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।
अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर, प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।
हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर शहर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 80 दिनांक 13.01.2022 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया गया कि प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 68 दिनांक 13.01.2022 रजिस्टर्ड पत्र द्वारा कुल 03 पृष्ठीय सूचना निःशुल्क प्रेषित की जा चुकी है।
चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी को सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।</td><td></td></tr>
</table>

Signature Not Verified

Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.08 14:24:41 IST
Reason: SelfAttested